राज्यस्तरीय ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग में तेलंगाना शीर्ष पर काबिज़

drishtiias.com/hindi/printpdf/telangana-leads-state-wise-ease-of-doing-business-ranking

चर्चा में क्यों?

हाल ही में वर्ष 2017 के 'बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान' (Business Reforms Action Plan - BRAP) के कार्यान्वयन के आकलन के आधार पर जारी राज्यवार रैंकिंग में तेलंगाना राज्य शीर्ष पर है। इसकी जनवरी 2018 में अंतिम रैंकिंग जारी होने की संभावना है।

राज्यवार रैंकिंग

- इस रैंकिंग में तेलंगाना राज्य को (61.83% के कार्यान्वयन स्कोर के साथ) प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके बाद हरियाणा (54.03%), ओडिशा (45.70%), छत्तीसगढ़ (45.43%) और पश्चिम बंगाल (44.35%) का स्थान आता है।
- गौर करने वाली बात यह है कि यह रैंकिंग स्थायी नहीं है। यह एक गतिशील रैंकिंग है। इसके अंतर्गत शामिल राज्यों के स्थानों में इनके बीच होने वाली तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण बदलाव आना स्वाभाविक है।

नोडल मंत्रालय

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (Commerce and Industry Ministry) इसका नोडल मंत्रालय है।

आकलन के आधार बिंदु क्या-क्या हैं?

इस वर्ष राज्यों में व्यापार करने संबंधी स्थितियों के मूल्यांकन हेतु व्यापक क्षेत्रों में प्रयुक्त निम्नलिखित पक्षों को शामिल किया गया:-

♦ कागज रहित कोर्ट (paper-less courts), ऑनलाइन एकल खिड़की प्रणाली, ऑनलाइन कर भुगतान, अनुबंध प्रवर्तन (contract enforcement), भूमि की उपलब्धता और आवंटन, बिजली और जल कनेक्शन प्राप्त करने, पारदर्शिता के लिये समर्थन, कर, श्रम नियमन, निर्माण परमिट, पर्यावरण पंजीकरण के साथ-साथ वाणिज्यिक विवाद समाधान और संपत्ति पंजीकरण के लिये ऑनलाइन व्यवस्था जैसे पक्षों को 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' के संदर्भ में राज्यों की रैंकिंग हेतु शामिल किया गया।
♦ इसमें कारखान अधिनियम के तहत लाइसेंस के अनुदान और नवीकरण को भी शामिल किया गया है।
♦ इसके अतिरिक्त इसके अंतर्गत फैक्टरी एक्ट के तहत लाइसेंस के अनुमोदन, नवीनीकरण तथा पंजीकरण; किसी भी इमारत के फैक्ट्री के रूप में निर्माण/विस्तार/उपयोग हेतु योजना बनाने एवं अनुमति प्राप्त करने; बॉयलरों के पंजीकरण और नवीनीकरण के साथ-साथ विभिन्न कानूनों के तहत अनुपालन निरीक्षण को भी शामिल किया गया है।

पिछले साल की रैंकिंग क्या थी?

- पिछले साल इस रैंकिंग में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। हालाँकि, पिछले साल के शीर्ष स्थान धारक राज्य आंध्र प्रदेश (18.01% स्कोर) को वर्तमान रैंकिंग में 14वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसी क्रम में पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे गुजरात राज्य को इस वर्ष (41.94% अंक के साथ) आठवें स्थान से ही संतोष करना पड़ा। जबकि पिछले साल पाँचवें स्थान पर रहे मध्य प्रदेश राज्य का स्थान इस वर्ष (10.22% के स्कोर के साथ) 22वां रहा।

विश्व बैंक ग्रुप की डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट में भारत की स्थिति

- हाल ही में जारी विश्व बैंक ग्रुप की डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट (World Bank Group’s Doing Business Report) में 1 जून, 2016 से 1 जून, 2017 तक की अवधि के दौरान व्यापार क्षेत्र में सुधारों की स्थिति के आकलन को शामिल किया गया।
- ध्यातव्य है कि इसमें शामिल 190 देशों में भारत को 100वां स्थान प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वर्ष 190 देशों में भारत को 130वां स्थान प्राप्त हुआ था।